दिन–गुरूवार दिनांक– 05/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने लोगों को गरीबी से उबारने, लोगों के सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने लिखा कि पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवाओं तक आम लोगों की पहुंच को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, डिजिटल समावेशन और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में परिवर्तन ने समाज के अंतिम पायदान के लोगों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की है। श्री मोदी ने समावेशी और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

———————————————————

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। यह दिन पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर कार्य करने को लेकर मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने पृथ्वी पर जीवन संरक्षण के लिए उन्नीस सौ तिहत्तर से प्रत्येक वर्ष पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष पौधा रोपण अभियान का नेतृत्व किया। श्री मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत बरगद का पौधा लगाया। वहीं, श्री मोदी ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर सिंदूर का पौधा लगाया। यह पौधा उन्हें उन्नीस सौ इकहत्तर के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान असाधारण साहस और देशभक्ति का परिचय देने वाली गुजरात के कच्छ की वीर माताओं और बहनों ने उपहार में दिया था। इधर, राजधानी पटना समेत सभी जिला मुख्यालायों में पर्यावरण दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

———————————————————

आज संपूर्ण क्रांति दिवस है। इस अवसर पर राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज ही के दिन लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ संपूर्ण क्रांति का नारा दिया था। मुख्य राजकीय समारोह पटना के जे.पी. गोलम्बर पर आयोजित किया गया, जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने जे.पी. की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शहीद सूरज नारायण सिंह स्मृति दिवस को राजकीय समारोह के रूप में मनाने की घोषणा की है। दरभंगा में आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में श्री कुमार ने कहा कि सूरज नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा जल्द ही दरभंगा में स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद गोपालजी ठाकुर और लवली आनंद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————

विशेष निगरानी इकाई की टीम कटिहार के मनिहारी की लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्वेता मिश्रा के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आरोपी अधिकारी के मनिहारी स्थित कार्यालय के साथ–साथ कटिहार, पटना और प्रयागराज स्थित आवासीय ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। यह छापेमारी आय से अधिक संपत्ति मामले में की जा रही है। श्वेता मिश्रा पर आरा की भूमि उपसमाहर्ता रहते हुए रिश्वत मांगने समेत भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे थे।

———————————————————

मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया और पूर्णिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के उत्तर–पूर्व, उत्तर–मध्य, दक्षिण–पूर्वी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कुछ स्थानों पर तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का पूर्वानुमान है। साथ ही कुछ जगहों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ हल्की बारिश की भी संभावना है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।